भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *69

जिसका उत्तर 13 दिसम्बर, 2022/22 अग्रहायण, 1944 (शक) को दिया गया

बैंकिंग क्षेत्र के लिए सामान्य ब्लॉकचेन–आधारित प्लेटफॉर्म

*69. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बैंकों द्वारा ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए ऐसे प्रोटोटाइप बनाए जा रहे हैं जो एक दूसरे पर आश्रित ना हों;

(ख) यदि हां, तो क्या विभिन्न बैंकों के बीच ऐसे ब्लॉकचेन आधारित अनुप्रयोगों की अंत:क्रियाशीलता भविष्य में समस्या पैदा कर सकती है;

(ग) क्या सरकार बैंकिंग क्षेत्र में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के उपयोग में मानकीकरण और अंत:क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के लिए बैंकों के लिए दिशानिर्देश बनाने या एक आदर्श सामान्य ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म विहित करने का इरादा रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

" बैंकिंग क्षेत्र के लिए सामान्य ब्लॉकचेन–आधारित प्लेटफॉर्म" के संबंध में श्री एस. निरंजन रेड्डी, माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछे गए 13 दिसम्बर, 2022 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *69 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख): भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने सूचित किया है कि वर्तमान में केवल कुछ ही बैंक बहुत ही छोटे स्तर पर ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। इस प्रकार, बैंकों के बीच इस तरह के प्लेटफॉर्म की अंतर–संचालनीयता से संबंधित कोई समस्या मौजूद नहीं है।

इसके अलावा, भारतीय बैंकों की ब्लॉकचेन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी (आईबीबीआईसी) प्राइवेट लिमिटेड, जिसे भारतीय वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिए डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर टेक्नोलॉजी (डीएलटी) समाधानों का पता लगाने, तैयार करने और लागू करने के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से निगमित किया गया था, वर्तमान में यह इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रयोग के पहले मामले के रूप में घरेलू साख पत्र (एलसी) के निर्गमन को लागू करने की संभावनाओं पर काम कर रहा है। सहायता संघ में भारत के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंकों को मिलाकर कुल 18 बैंक हैं।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ब्लॉकचेन–आधारित एप्लिकेशन को विकसित करने के लिए अपने तंत्र के माध्यम से नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं के परीक्षण, जिसे रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स के रूप में जाना जाता है, के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता रहा है। इस संबंध में ब्लॉकचेन तकनीक को एक नयी तकनीक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, जहां नवोन्मेषक इस तंत्र के माध्यम से अपने उत्पादों का परीक्षण करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

(ग) और (घ): बैंकों के लिए दिशानिर्देश तैयार करने या एक मॉडल कॉमन ब्लॉकचेन तकनीक प्लेटफॉर्म निर्धारित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****